10. जिस संविदा में दोनों पार्टियों के बीच विभिन्न शर्तों को बार बार संशोधित/परिशोधित करने के पत्राचारों की श्रंखला शामिल होगी वह स्वीकार नहीं की जाएगी । ऐसे मामलों में दोनों पार्टियों द्वारा स्वीकार की गई और हस्ताक्षरित शर्तों सहित एक अन्तिम दस्तावेज तयार करने की सलाह दी जाती है ।

11. फ्रांसिसी क्रेडिट समझौते के अन्तर्गत भारत सरकार को यह छूट है कि यदि वह ऐसी प्रणाली को अधिक लाभदायक समझेगी तो क्रेताओं के क्रेडिट को संभरकों के क्रेडिट द्वारा प्रतिस्थापित करेगी । अत: यह आवश्यक समझा गया है कि भारतीय आयातक जिन्हें फ्रान्सिसी क्रेडिट के परियोजना भाग में से 50 लाख फ्रान्सिसी फ्रेंक (71.1 लाख रुपये) या इससे अधिक का आवंटन किया गया है उन्हें क्रेडिट की निम्नलिखित शर्तों पर उपस्कर के संभरण के लिए फ्रान्सिसी संभरकों से दरें आमंत्रित करनी चाहिएं :—संविदा मूल्य के 5 प्रतिशत तक का तत्क्षण भुगतान; पोत लदानों के पूर्ण होने के बाद 6 महीने से लेकर 10 साल की अवधि में शेष धन राशि की चुकौती और वित्त दान सम्बन्धी यदि कोई प्रभार हो तो उसके सहित भारतीय आयकर से मुक्त 6 प्रतिशत सालाना की दर से ब्याज/भारतीय आयातक को नीचे के परा 18—21 में निर्दिष्ट भुगतान शर्तों के आधार पर भी दरें आमंत्रित करनी चाहिए । भारत सरकार इस आंकड़े के आधार पर आयातों के वित्त दान के तरीके का निश्चय करेगी और आयातक को उसका परामर्श देगी ।

संविदा की शर्तें

सामान्य :

12. संविदा लागत भाड़ा या लागत और भाड़ा आधार पर होनी चाहिए और उसमें जहाज पर नि:शुल्क कीमत भाड़ा और बीमा खर्च अलग-अलग निर्दिष्ट होने चाहिएं। ये सब फ्रान्सिसी मुद्रा में निर्दिष्ट होने चाहिए। किसी सरकारी अभिकरण अथवा सार्वजनिक क्षेत्र संस्थान द्वारा केवल लागत तथा भाड़ा के आधार पर संविदा करना आवश्यक है। यदि कोई आयातक जहाज पर नि:शुल्क के आधार पर संविदा करने का इच्छुक है तो उसको ऐसा करने के कारण बताते हुए वित्तीय कार्य विभाग (डब्ल्यू० ई–1 अनुभाग) वित्त मंत्रालय नई दिल्ली की पूर्व अनुमति लेनी चाहिए।

13. यदि फ्रैंच संभरक के भारतीय अभिकर्ता को कोई कमीशन चुकाया जाना है तो यह संविदा के मूल्य से अलग दिखाया जाएगा। भारतीय अभिकर्ता का कमीशन भारतीय रुपये में चुकाया जाएगा परन्तु आयात लाइसेंस के कुल मूल्य के प्रति जोड़ा जाएगा।

14. **वर्तमान समय में मूल्य की गणना**—एक फ्रान्सिसी फ्रेन्क—1.422 रुपये की केन्द्रीय दर पर करनी चाहिए। लेकिन मुद्रा विनिमय की उपर्युक्त दर परिवर्तन के अधीन है।

संविदाओं की मूल्य सीमाएं :

15. प्रत्येक संविदा का मूल्य नीचे प्रत्येक श्रेणी के सामने निर्दिष्ट की गई धन राशियों से कम नहीं होनी चाहिए :—

मिलियन

	फ्रान्सिसी फ्रेंक	(लाख रुपये)
(1) बृहत औद्योगिक परियोजना . .	5.00	(71.100)
(2) भारी उपस्कर के लिए परियोजना . .	5.00	(71.100)
(3) उर्वरक	0.50	(7.110)
(4) पूंजीगत माल	0.20	(2.844)
(5) अन्य माल	0.05	(0.711)

माल का उद्गम स्थान :

16. जब तब माल के किसी भाग की गैर-फ्रान्सिसी उत्पादित होने की अनुमति फ्रान्सिसी प्राधिकारियों द्वारा नहीं दे दी जाती तब तक माल फ्रान्स में उत्पादित होना चाहिए। माल के उद्गम स्थान के विषय में संविदा में एक अनुबन्ध समाविष्ट होना चाहिए और जब कभी आवश्यक हो, तीसरे देश को आयातों के लिये फ्रान्सिसी प्राधिकारियों के अनुमोदन का साक्ष्य प्रदर्शित करने वाला एक पत्र संविदा के साथ होना चाहिए।

पोतलदान का पत्तन :

17. यदि आवश्यक हो तो माल गैर-फ्रान्सिसी पत्तनों से भी लादा जा सकता है।

भुगतान की शर्तें :

18. फ्रांसिसी क्रेडिट में आस्थगित भुगतान की व्यवस्था नहीं है । इसलिये फ्रान्सिसी संभरक को पूरा भुगतान पोतलदानों पर/निर्माण पूरा हो जाने पर/संयंत्र के नियोजित हो जाने पर नीचे की कंडिकाओं में निर्दिष्टानुसार किया जाएगा ।

19. **अग्रिम भुगतान**:—यदि क्रेता और विक्रेता के बीच किसी विशेष किस्म के सम्बद्ध माल के लिये सामान्य अन्तराष्ट्रीय वाणिज्यिक प्रणाली के अनुसार कोई अन्य शर्तें तय नहीं की जाती है तो संभरण किए जाने वाले माल के जहाज पर निःशुल्क कीमत के अधिक से अधिक 5 प्रतिशत अग्रिम भुगतान की व्यवस्था संविदान लागू होते ही की जा सकती है ।

20. लेकिन, जिस मामले में 5 प्रतिशत से अधिक अग्रिम भुगतान के लिये व्यवस्था करनी हो उसमें कोई वचनबद्धता करने से पहले पूर्ण औचित्य के साथ आर्थिक कार्य विभाग का पूर्व अनुमोदन प्राप्त कर लेना चाहिए ।

21. **अन्य भुगतान** (क) **औद्योगिक परियोजना**:—तत्क्षण भुगतान की धन राशि के अतिरिक्त शेष धनराशि संविदा के अधीन उपस्कर के अन्तिम पोतलदान के समय, या निर्माण के पूर्ण होने के समय या संयंत्र के नियोजित हो जाने के समय चुकाने की अनुमति है ।

जिस मामले में संविदा के अन्तर्गत आने वाले संभरण/सेवाएं ऐसी हों कि उन में ऐसी एक निष्पादन गारन्टी की आवश्यकता हो जिस में इस सम्बन्ध में एक अनुबन्ध की आवश्यकता हो कि 10 प्रतिशत की अन्तिम किश्त माल के वितरण के पूर्ण होने या परियोजना पूर्ण होने के पर्याप्त समय के बाद तक देय नहीं होगी तो ऐसे मामले में आयातकों के लिये यह विकल्प है कि वे 100 प्रतिशत भुगतान अन्तिम पोतलदान के समय करने की शर्त से सहमत हो सकते है, यह इस शर्त के अधीन है कि फ्रान्सिसी सम्भरक द्वारा भारतीय आयातक को किसी अनुमोदित बैंक से एक निष्पादन गारन्टी प्रस्तुत की जाए; ऐसी गारन्टी अन्तिम पोतलदान के माल के वितरण के पर्याप्त समय जो भारतीय आयातक और फ्रान्सिसी संभरक के बीच आपस में तय किया जाए, के बाद मुक्त की जा सकती है ।

लेकिन, भुगतान परियोजना की किस्म पर निर्भर करता है, औद्योगिक परियोजनाओं के लिये संविदाओं के लिये भुगतान की व्यवस्था भी नीचे उप-कंडिका (ख) में वर्णित पन्य वस्तुओं की तरह ही की जा सकती है ।

(ख) **पन्य वस्तुएं** :—पन्य वस्तुओं (हल्के उपस्कर, फालतु पूर्जे, संधटक, रसायन, उर्वकर, अन्य कच्ची सामग्री आदि) के लिये संविदाओं में तत्क्षण भुगतान के बाद शेष धन राशि प्रत्येक लदान द्वारा शामिल माल के मूल्य के अनुसार पोत परिवहन अनुसूची के आधार पर यथा अनुपात देय होगी ।

अन्य शर्तें :

22. फ्रान्सिसी क्रेडिट के अन्तर्गत संविदा को वित्तदान के लिये अर्हक बनाने के लिये ऊपर निर्दिष्ट उपबन्धों के अतिरिक्त और संविदा करने वाली पार्टियों द्वारा आवश्यक समझे जाने वाले किसी अन्य उपबन्धों के भी अतिरिक्त इसमें निम्नलिखित उपबन्ध भी उचित रूप से समाविष्ट होने चाहिए :—

(1) संविदा करने वाली दोनों पार्टियां सहमत है कि संविदा भारत–फ्रान्स वित्तीय नयाचार और उसके अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा जारी की गई लाइसेंस शर्तों

के अनुसार फ्रान्सिसी क्रेडिट के अन्तर्गत वित्तदान के लिये भारतीय और फ्रान्सिसी प्राधिकारियों के अनुमोदन के अधीन है ।

(2) फ्रान्सिसी संभरक इस बात से सहमत है कि उसको संविदा के मूल्य का प्रथम 50 प्रतिशत तक फ्रान्सिसी राजकोष क्रेडिट से चुकाया जायगा और शेष 50 प्रतिशत क्रेता के (बैंक) क्रेडिट से लाइसेंस शर्तों के पैरा 28 के अनुसार किया जाएगा ।

(3) भारतीय आयातक और फ्रान्सिसी संभरक ऐसी सूचना और दस्तावेज प्रस्तुत करने को सहमत है जो भारत सरकार और फ्रान्सिसी सरकार के बीच फ्रान्सिसी क्रेडिट व्यवस्थाओं के अन्तर्गत मांगे जाएं ।

23. यह सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि भुगतानों की शर्तें, जैसे संविदा प्रभावी होने पर देय धनराशि और पोतलदानों/परियोजना के पूर्ण होने आदि पर देय धनराशि, स्पष्ट शब्दों में वितरणों/भुगतानों आदि की अनुसूची प्रदर्शित करते हुए लगाई गई है । संविदा का मूल्य स्थिर रूप से जहाज पर निःशुल्क मूल्य, भाड़ा और बीमा तत्वों में अलग-अलग होना चाहिये ।

प्रथगत गारन्टी :

24. आयातक समझौते में ऐसी प्रथागत गारन्टी (यों) की व्यवस्था कर सकता है और दे सकता है जो उसके हित की सुरक्षा के लिये आवश्यक हो ।

संविदा दस्तावेजों का प्रस्तुतकरण :

25. संविदा समाप्त होने के 20 दिन के भीतर आयातक को निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ एक पत्र वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (डब्लू ई–1 अनुभाग) नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजना चाहिए :—

(1) भारतीय आयातक और फ्रान्सिसी संभरक दोनों द्वारा हस्ताक्षरित और अंग्रेजी भाषा में विधिवत् कार्यान्वित संविदा और बाद में किए गए किसी संशोधन (नों) की 10 प्रमाणित प्रतियां ।

(2) संविदा के कार्यान्वयन की तिथि को संविदा करने के लिये वैध आयात लाइसेंस/आयातक द्वारा फ्रान्सिसी संभरक को दिए गए आदेश की फ्रान्सिसी संभरक द्वारा स्वीकृति की फोटोप्रति ।

(3) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्राधिकृत विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत व्यापारी एक अनुसूचित बैंक से प्राप्त की गई एक बैंक गारन्टी (अनुबन्ध 1 के अनुसार) । यह बैंक गारन्टी सरकारी विभागों और सार्वजनिक संस्थानों द्वारा प्रस्तुत नहीं की जानी है ।

(4) अनुबन्ध–2 में निर्धारित अन्य दस्तावेज दो प्रतियों में ।

संविदा पर आगे तभी कार्रवाई की जाएगी जबकि आयातक द्वारा ये सब दस्तावेज प्रस्तुत कर दिए गए हों ।

संविदा की अधिसूचना करना :

26. संविदा आर्थिक कार्य विभाग द्वारा आर्थिक कार्यों के सलाहकार, फ्रान्सिसी दूतावास नई दिल्ली को अधिसूचित की जाएगी, यदि यह पूर्ण है, बैंक गारन्टी आदि सहित दस्तावेज सही है

तो आयात लाइसेंस संविदा करने के लिये वैध है और फ्रान्सिसी क्रेडिट के अधीन वित्त दान के लिये अर्हक समझा जाएगा ।

27. संविदा उपर्युक्त अनुसार आर्थिक कार्य विभाग द्वारा इसकी अधिसूचना के 20 दिनों के बाद लागू समझी जाएगी बशर्ते कि इस अवधि के भीतर फ्रान्सिसी दूतावास द्वारा कोई आपत्ति नहीं उठाई जाती ।

भुगतानों के तरीके

28. संभरक को भुगतान बैंक फेन्काइजड कोमर्स एक्सटीरियर को अनुबन्ध 3 में सूचीबद्ध दस्तावेज प्रस्तुत करने पर फ्रान्सिसी राजकोष ऋण और बैंक क्रेडिट के संविदा प्रभावी होने पर, सहायता लेखा नियंत्रक, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय जीवन दीप बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली द्वारा जारी किए जाने वाले "अनुदेश-पत्र' के आधार पर किए जाएंगे ।

29. फ्रान्सिसी क्रेडिट के अन्तर्गत जारी किए गए आयात लाइसेंस के अधीन नीचे की शर्त 31 के सिवाय भारत से किसी भी धन परषण की अनुमति नहीं है ।

30. ऊपर उल्लिखित अनुदेश पत्र के अनुसार भुगतान प्रभावी हो जाने के तुरन्त बाद बैंक प्रभारों (एक प्रतिशत दस्तावेजीकरण खर्च का 1/8 उसपर 17.60 प्रतिशत की दर से कर) और डाक खर्च आदि के ब्यौरों के साथ दस्तावेजों (परक्राम्य) का मूल सेट बैंक फेन्काइजड कोमर्स, एक्सटीरियर द्वारा निम्नलिखित को भेजा जाएगा :—

(1) भारत में भारतीय आयातक के उस बैंक को जिसने निजी क्षेत्र के आयातकों के मामले में बैंक गारन्टी दी है ; अथवा

(2) सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों के मामले में स्टेट बैंक आफ इंडिया की नामित शाखा को या राष्ट्रीयकृत 14 बैंकों में से किसी एक बैंक को ; अथवा

(3) राज्य विद्युत बोर्ड सहित केन्द्रीय और राज्य सरकारों के विभागों के मामले में सीधे आयातक को ।

31. बैंक फेन्काइजड कोमर्स से बैंक प्रभारों की सूचना प्राप्त करने के एक सप्ताह के भीतर भारतीय बैंक केवल प्रभारों सहित बैंक प्रभारों और डाक खर्चों की धनराशि को भारत सरकार के लेखे को प्रभावित किए बिना सीधे सम्बद्ध फ्रान्सिसी बैंक को प्रेषित करेगा ।

32. इस उद्देश्य कार्य के लिये भारतीय बैंक द्वारा भारतीय आयातक से उनकी गारन्टी के अन्तर्गत अपेक्षित धनराशि के अतिरिक्त आवश्यक रुपया एकत्र किया जाएगा ।

33. केन्द्रीय और राज्य सरकारों के विभागों और राज्यों की विद्युत बोर्ड द्वारा किए गए आयातों के संबंध में केवल प्रभारों सहित बैंक प्रभारों और डाक खर्चों के परेषण की व्यवस्था सहायता लेखा नियंत्रक द्वारा सम्बद्ध प्राधिकारी का नाम लिखकर की जाएगी। इस उदेश्य के लिये उन प्राधिकारियों को सहायता लेखा नियंत्रक को चुकाए जाने वाले प्रभारों से तुरन्त सूचित करना चाहिए ।

रुपया निक्षेप को प्रभावी करना

34. (1) **निजी क्षेत्र के आयातक तथा सार्वजनिक क्षेत्र संस्थान**—उपर्युक्त शर्त 30 में उल्लिखित दस्तावेजों की पावती के अधिक से अधिक 10 दिन के भीतर वह बैंक जिसने गारन्टी जारी की है या स्टेट बैंक आफ इंडिया की नामित शाखा या भारत में राष्ट्रीयकृत 14 बैंकोंमें

से कोई भी एक बैंक बीजक में संकेतित अनुसार विदेशी संभरकों को किए गए भुगतान के समतुल्य रुपये को तथा इसके साथ साथ संभरकों को किए गए भुगतानों पर कमीशन और आनुषंगिक प्रभारों को भी यथा मूल्य 1 प्रतिशत की दर से जमा करने की व्यवस्था करेगा । इसके अतिरिक्त, विदेशी संभरकों को भुगतान करने की तारीख से और समतुल्य रुपया जमा करने की तारीख के बीच की वास्तविक अवधि के लिये 6 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज अथवा अन्य किसी किस्म की राशि भी जो भारत सरकार द्वारा आवश्यक समझी जाए, सरकारी लेखे में जमा करवाई जाएगी ।

समतुल्य रुपये की गणना सार्वजनिक सूचना संख्या 108–आई टी सी (पी एन)/72, दिनांक 21–7–1972 द्वारा यथा संशोधित सार्वजनिक सूचना संख्या 15–आई टी सी (पी एन)/72, दिनांक 28–1–72 में दिए गए सूत्र के आधार पर निश्चित की गई मिश्रित दर पर या समय समय पर मुख्य नियंत्रक आयात–निर्यात द्वारा जारी होने वाली सार्वजनिक सूचनाओं में अधिसूचित की जाने वाली दर के आधार पर की जाएगी ।

(2) सरकारी विभाग.––केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों के विभागों द्वारा (राज्य विद्युत बोर्ड सहित) किए गए आयातों के सम्बन्ध में दस्तावेज सीधे आयातकों को भेजे जाएंगे जो यह सुनिश्चित करेंगे कि नियंत्रक लेखा द्वारा जारी किए गए सूचना पत्रों के आधार पर जैसे ही और जब महालेखापाल केन्द्रीय राजस्व, नई दिल्ली द्वारा मांगा जाएगा तो उनके अपने लेखा अधिकारी जमा को तुरन्त स्वीकार करेंगे । उनके मामलों में उपर्युक्त निक्षेप करने की क्रियाविधि लागू नहीं होगी ।

35. यह जिम्मेदारी भारत के रिजर्व बैंक अथवा स्टेट बैंक आफ इंडिया या 14 राष्ट्रीकृत बैंकों में से इस एक बैंक की होगी जिसने गारन्टी दी है कि आयातकों को मूल पोतलदान दस्तावेज सौंपने से पहले इन धन राशियों के सामायिक निक्षेप करने की व्यवस्था करे ।

36. निक्षेप या तो रिजर्व बैंक आफ इंडिया, नई दिल्ली या स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी शाखा, दिल्ली 6 में किए जाएंगे अथवा स्टेट बैंक आफ इंडिया की स्थानीय शाखा या इसके उपसंगी से डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से स्टेट बैंक आफ इंडिया तीस हजारी शाखा, दिल्ली 6 के (आदेशिती तथा प्रापी) नाम और क्रेडिट के लिए उसे केन्द्रीय सरकार के लेखे में जमा करने के लिए आयात व्यापार नियंत्रण सार्वजनिक सूचना संख्या : 184–आई टी सी (पी एन)/ 68, दिनांक 30–8–1968 तथा सार्वजनिक सूचना संख्या : 233–आई टी सी (पी एन)/68, दिनांक 24 अक्तूबर, 1968 के अनुसार धन प्रेषण किया जाएगा । अन्य बातों के साथ-साथ चालान में विदेशी मुद्रा की धनराशि, लागू की गई मिश्रित दर, संभरकों को भुगतान की तिथि और रुपया निक्षेप करने की तिथि और अन्य सभी आवश्यक ब्यौरे जो सार्वजनिक सूचना संख्या : 132–आई टी सी (पी एन)/ 71, दिनांक 5–10–1971 में निर्धारित किए गए हैं, संकेतित होने चाहिएं । मूल धनराशि 1 प्रतिशत यथा मूल्य की दर से आनुषंगिक प्रभार और 6 प्रतिशत की दर से ब्याज भुगतान को अलग अलग दिखाया जाना चाहिए । दर्शनी हुंडी राजकोष चालान (विधिवत पूर्ण और प्रेषक द्वारा हस्ताक्षरित) के साथ चार प्रतियों में स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी, दिल्ली–6 को सीधे भेजी जानी चाहिए । लेखा शीर्षक जिसमें धनराशि जमा होनी है, वह है––"टि–डिपोजिट्स एंड एडवांसिज पार्ट–2––डिपोजिट्स नाट बियरिंग इंटरेस्ट––सिविल डिपोजिट्स––डिपोजिट्स फार परचेजिस एन्ड अन्डर डायरेक्ट पेमेन्ट बोर्मीजर अन्डर फारेन लोन्स एंड क्रेडिट्स" अन्डर दि डिटेल्ड हैड, "डिपोजिट्स फार कास्ट आफ इक्यूपमेंट एक्सेट्रा आप्टेन्ड अन्डर एफएफ 180.00 मिलयिन फ्रेंच क्रेडिट 1973–74" ।

37. राजकोष चालान की एक प्रति और एक प्रपत्र जिसमें यह प्रमाणित किया गया हो कि रुपया निक्षेप विधिवत रूप से रिजर्व बैंक आफ इंडिया या स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी

शाखा, दिल्ली–6 द्वारा प्राप्त कर लिया गया है या स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी शाखा, दिल्ली-6 को दर्शनी हुंडी प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में सूचना सम्बद्ध बैंक द्वारा सहायता लेखा नियंत्रक को उनके द्वारा जारी किए गए निदेश पत्र का हवाला देते हुए तथा बीजक और पोत लदान दस्तावेजों की प्रतियों को भी संलग्न करते हुए रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजी जानी चाहिए ।

38. भारतीय बैंक भी आयात लाइसेंस की मुद्रा विनिमय नियंत्रक प्रति पर रुपया निक्षेप की राशि का पृष्ठांकन करेगा और अपेक्षित प्रपत्र 'एम' रिजर्व बैंक आफ इंडिया, बम्बई को भेजेगा ।

बैंक गारन्टी की रिहाई

39. निजी क्षेत्र संविदाओं के मामले में भारत में सम्बद्ध बैंक, बैंक गारन्टी के अनुसार सभी उत्तरदायित्वों को पूरा करने के पश्चात जिन में बैंक के प्रेषण और अन्य प्रभार भी शामिल हैं, सहायता लेखा नियंत्रक को बैंक गारन्टी की रिहाई के लिए आवेदन कर सकता है ।

विविध

40. भारतीय आयातक तथा फ्रेंच संभरकों के बीच यदि कोई झगड़ा उत्पन्न हो जाए तो भारत सरकार इसके लिए किसी भी प्रकार का उत्तरदायित्व नहीं लेगी ।

41. आयात लाइसेंस से उत्पन्न या सम्बन्धित किसी एक मामले और सभी मामलों तथा फ्रेंच सरकार और फ्रेंच बैंक के साथ के ऋण करार के अन्तर्गत सभी प्रकार के दायित्वों को पूरा करने के सम्बन्ध में समय-समय पर, भारत सरकार द्वारा जारी किए गए किसी भी अनुदेश, निदेश या आदेश का अनुपालन भारतीय आयातक शीघ्र ही करेगा ।

42. इस में निहित निर्धारित शर्तों को भंग करने या उनका उल्लंघन करने पर, आयात-निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 और उसके अन्दर जारी किए गए आदेशों के अन्तर्गत उचित कार्रवाई की जाएगी ।

अनुबन्ध-1

[पैरा 25(III)]

बैंक गारंटी बांड

सेवा में,

भारत के राष्ट्रपति,

भारत के राष्ट्रपति (जिसे आगे सरकार कहा गया है) के बदले में फ्रेंच क्रेडिट की शर्तों के अन्तर्गत.....को उपर्युक्त फ्रेंच क्रेडिट को विपरीत जारी (इसके बाद इसे आयातक कहा गया है) गए लाइसेंस संख्या दिनांक..... के अनुसरण में आयातक द्वारा.....के आयात के लिए फ्रान्सिसी फ्रंक में भुगतान करने की व्यवस्था करने के लिए सहमत होते हुए हम..... उक्त क्रेडिट के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट रीति और उपयुक्त लेखा शीर्षक में जमा करने के लिए आयातक द्वारा प्रार्थना करने पर सार्वजनिक सूचना संख्या 108 आई टी सी (पी एन)/72, दिनांक 21–1–72 द्वारा संशोधित विदेश व्यापार मंत्रालय की सार्वजनिक सूचना संख्या : 15–आई टी सी (पी एन)/72, दिनांक 28–1–72 में दिए गए फार्मूले या

रिजर्व बैंक आफ इन्डिया के ए० डी० परिपत्र के आधार पर या भारत सरकार की सार्वजनिक सूचनाओं द्वारा समय समय पर यथा अधिसूचित फार्मूले के आधार पर हिसाब लगाकर एफ एफ आई के विनिमय की मिली-जुली दर पर परिवर्तित फ्रान्सिसी फ्रेंक.....के समतुल्य भारतीय रुपये तथा उसके साथ उपर्युक्त दर से परिवर्तित 1 प्रतिशत यथा मूल्य की दर से कमीशन तथा अन्य प्रभार और इस पर फ्रान्सिसी संभरक को भुगतान करने की तिथि से लेकर सरकार के लेखे में जमा कराने की तिथि तक के समय के लिए 6 प्रतिशत वार्षिक दर से सूद, भुगतान की सूचना की पावती की तिथि से 10 दिन के भीतर जमा करने की व्यवस्था करने का एतद्द्वारा वचन देते हैं। हम रिजर्व बैंक आफ इंडिया, नई दिल्ली, स्टेट बैंक आफ इन्डिया, तीस हजारी शाखा, दिल्ली-6 में सरकार के खाते में निक्षेप की व्यवस्था करेंगे और यह सम्भव नहीं हो सकने की स्थिति में स्टेट बैंक आफ इन्डिया, तीस हजारी शाखा, दिल्ली–6 (केन्द्रीय सरकार के लेखे में क्रेडिट के लिए) के नाम में और इसको देय दर्शनी हुंडी के माध्यम से व्यवस्था करेंगे। दर्शनी हुंडी राजकोष चालान (विधिवत भरे हुए और प्रेषणाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित) के साथ चार प्रतियों में स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी शाखा, दिल्ली-6 को सीधे भेजी जाएगी।

2. हम.....बैंक, इस बात की भी जिम्मेदारी लेते हैं कि आयात दस्तावेजों के परक्राम्य सेट की रिहाई आयातक को केवल तभी की जाएगी जबकि उपर्युक्त रुपया निक्षेप किया जा चुका हो।

3. हम.....बैंक, किसी बकाया धनराशि को जो आयातक द्वारा सरकार को ऐसे स्थान पर और ऐसी रीति से चुकानी हो जैसा कि सरकार निदेश दे तो ऐसी बकाया धनराशि जो.. रुपये से अधिक नहीं हो या उसका कोई भाग और उस धनराशि के साथ, फ्रेन्च संभरकों को भुगतन की तिथि से आयातक द्वारा जितने समय तक यह देय रहे उस पर 6 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज तथा कमीशन और यथा मूल्य 1 प्रतिशत की दर से अन्य प्रभारों का आयातक द्वारा भुगतान न करने की त्रुटि पाई जाने पर हम क्षति पूर्ति करने का और सरकार को क्षतिपूर्ति के दायित्व से मुक्त करने का वचन देते हैं। आयातक द्वारा उक्त भुगतान करने की त्रुटि पर या उसकी तरफ से हमारे.....बैंक द्वारा देय धनराशि के सम्बन्ध में त्रुटि होने पर हमारे.....बैंक के लिए सरकार का निर्णय अन्तिम और अनिवार्य होगा।

4. हम.....बैंक, यह भी वचन देते हैं कि हम भारत सरकार के लेखे को प्रभावी किए बिना ही सम्बद्ध फ्रेंच बैंक को अदा किए जाने वाले तार खर्चों सहित बैंक तथा डाक प्रभारों को प्रेषित कर देंगे और उसी को आयातक से वसूल कर लेंगे।

5. हम.....बैंक, आगे इस बात पर सहमत हैं कि मुद्रा विनिमय की अन्तर्राष्ट्रीय मौद्रिक निधि समानता दर में या अन्यथा परिवर्तन के परिणामस्वरूप, आयातों के मूल्य में वृद्धि या संविदा के अन्तर्गत माल की शेष सुपुर्दगी के मूल्य में वृद्धि की धनराशि का समायोजन इस गारंटी बांड में उसी तिथि से और उसी अनुपात में कर दिया जाएगा जब से यह परिवर्तन लागू होगा।

6. हम.....बैंक, इससे भी सहमत हैं कि यह गारंटी साज-सामान की सुपुर्दगी के विषय में उक्त करार/संविदा के निष्पादन के समय तक और जब तक इस गारंटी के अधीन या इसकी वजह से सारी बकाया धनराशि पूर्णतया नहीं चुका दी जाएगी और इसके दावों की संतुष्टी या अदायगी नहीं कर दी जाएगी, तब तक पूर्णरूपेण लागू और प्रभावी रहेगी।

7. आयातक या.....बैंक के संविधान में किसी प्रकार के परिवर्तन का इस गारंटी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और सरकार को इस गारंटी को प्रभावित किए बिना अपने द्वारा

आयातक के विरुद्ध किसी समय या समय समय पर प्रयोग किए जाने वाले अधिकारों को स्थगित करने की और किसी धनराशि जिसका भुगतान इस गारंटी द्वारा आयातक से किया जाना है, आयातक पर लागू करने की पूर्ण स्वतंत्रता होगी और पूर्वोक्त मामले के संदर्भ में आयातक को दिए जाने वाले समय के कारण या सरकार की ओर से इसके द्वारा अनुग्रहपूर्वक आयातक के कोई अन्य धैर्य, कार्य या छूट या कोई अन्य मामला या वस्तु जो कानून में जमानतों से सम्बद्ध कुछ भी हो, इस गारंटी के अन्तर्गत सरकार की इस स्वतंत्रता.....बैंक को इसके उत्तरदायित्व से मुक्त करने के लिए प्रभाव डालेगी ।

8. हम बैंक, अन्त में यह वचन देते हैं कि सरकार की लिखित रूप से पूर्व सम्मति के बिना इस गारंटी को इसकी चालू अवधि के दौरान रद्द नहीं करेंगे ।

9. इस गारंटी के अन्तर्गत हमारा दायित्व.....रुपये* (इस पर ब्याज प्रभार के साथ दी गई गारंटी की धनराशि के 1 प्रतिशत की दर से अधिक होने की आशा नहीं है) तक प्रतिबंधित है और यह गारंटी.....दिन†.....(मास).....19.... तक लागू रहेगी ।

10. लेकिन, हम ऐसे अतिरिक्त निक्षेप करने का वचन लेते हैं जो समय समय पर अधिसूचित सार्वजनिक सूचना संख्या : 15—आई टी सी (पी एन)/72, दिनांक 28—1—72 को शर्तों के अनुसार आवश्यक हों । जब तक इस गारंटी के अन्तर्गत इस तिथि के छह मास के भीतर लिखित रूप में दावे नहीं किए जाते और इसके बाद जैसे.....तक अलग छह मास के भीतर जब तक इन दावों को क्रियान्वित करने के लिए कोई मुकदमा नहीं चलाया जाता या कोई कार्रवाई नहीं की जाती तो इस गारंटी के अन्तर्गत सरकार के सभी अधिकार समाप्त हो जाएंगे और हम इसमें निहित सारे दायित्वों से छुटकारा पा जाएंगे और मुक्त हो जाएंगे ।

.....दिन की तारीख.....

कृते.....

श्री.....के द्वारा

(नाम और ओहदा)

भारत के राष्ट्रपति के लिए उनकी ओर से स्वीकृति ।

हस्ताक्षर.....

*यह राशि संविदा के मूल्य के लिए मिली जुली दर जो 1 एफ एफ—1.822 रुपये है उसमें 1 प्रतिशत को जोड़कर ही निकाली जानी चाहिए ।

†यह तिथि जिस तिथि को संभरकों के लिए सभी प्रकार के भुगतान पूर्ण होने की संभावना है, उसमें एक मास जोड़ते हुए निश्चित की जाएगी ।

टिप्पणी : वह स्टाम्प पेपर, जिसमें यह गारंटी कार्यान्वित होने वाली है, उसे कलक्टर द्वारा न्याय निर्णित किया जाना है ।

अनुबन्ध 2

सेवा में, (दो प्रतियों में)

सचिव,

वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग,

डब्ल्यू ई–1 अनुभाग, नार्थ ब्लाक,

नई दिल्ली–1.

विषय : फ्रान्स ऋण के अन्तर्गत आयात।

ऊपर उल्लिखित क्रेडिट के अन्तर्गत फ्रांस से————————————————का आयात
(माल तथा सेवाओं का संक्षिप्त विवरण)

करने के सम्बन्ध में हम निम्नलिखित ब्यौरा देते है :—

(क) आयातक का नाम और पता :

(ख) आयात लाइसेंस :

(1) संख्या

(2) दिनांक

(3) धनराशि

(ग) फ्रेंच संभरक का नाम और पता :

(घ) संविदा का दिनांक अथवा आदेशों को स्वीकृति के संभरक के पत्र का दिनांक :

(ङ) आयात किए जाने वाले माल का संक्षिप्त विवरण :

(च) संविदा का मूल्य :
पोतपर्यन्त निशुल्क कीमत

भाड़ा :

बीमा :

कुल :

(छ) जिन तिथियों को उपकरण का पोतलदान किया जाएगा अथवा सेवाएं पूरी की जाएंगी, उनकी विभिन्न तिथियां, प्रत्येक पोतलदान का मूल्य या संविदा में यथा अनुबंधित वितरण अनुसूची के आधार पर पूरी की गई सेवा।

(ज) वह तिथि जिसको इस संविदा के अन्तर्गत भुगतान देय होगा :

(1) अग्रिम भुगतान के सम्बन्ध में

(2) अन्य भुगतान

2. संविदा की (अथवा प्रत्येक आदेश तथा स्वीकृति पत्र की) और संशोधन (यदि कोई हो) की 10 साक्ष्यांकित प्रतियां और आयात लाइसेंस की एक फोटोस्टेट प्रति संलग्न की जाती है।

*3. एक बैंक गारन्टी जो———————————— केवल निजी क्षेत्र के आयातकों के लिए लागू है
————————————(विदेशी मुद्रा देने के लिए प्राधिकृत भारतीय निर्धारित बैंक का नाम और पता) द्वारा स्थापित की गई है और जो स्टाम्प अधिनियम, 1899 की धारा 31 के अनुसार स्टाम्प कलेक्टर द्वारा न्यायनिर्णित की गई है वह भी संलग्न है ।

या

*3. आयात प्रलेख————————————को (स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखा या राष्ट्रीयकृत 14 बैंकों में कि सी बैंक का पूरा नाम तथा पता) भेजा जा सकता है जो सार्वजनिक सूचना संख्या : 108-आई-टीसी (पीएन)/72, दिनांक 21-7-72 द्वारा संशोधित सार्वजनिक सूचना संख्या : 15-आईटीसी (पीएन)/72, दिनांक 28-1-1972 या समय-समय पर भारत सरकार द्वारा यथा अधिसूचित सार्वजनिक सूचनाओं या रिजर्व बैंक आफ इंडिया द्वारा अधिसूचित ए०डी० परिपत्रों में दिए गए फार्मूले के आधार पर लगाए गए परिवर्तन की मिली-जुली दर पर परिगणित समतुल्य रुपये और फ्रैंच संभरक को भुगतान करने की तारीख से समतुल्य रुपये जमा करने की तारीख तक 6 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज और लाइसेंस शर्तों की कंडिका 15 के अन्तर्गत यथा अपेक्षित यथा मूल्य की दर पर 1 प्रतिशत कमीशन और आनुषंगिक प्रभारों तथा बैंक प्रभारों (प्रत्येकीय प्रभारों के एक प्रतिशत का 1/8 और उस पर 17.60 प्रतिशत की दर से कर तथा वास्तविक डाक प्रभारों के लिए खर्चे) के साथ सरकार के लेखे में जमा करने के केवल बाद ही हमें प्रलेख रिहा करेंगे । सार्वजनिक क्षेत्र प्रकमों के लिये लागू है ।

या

*3. सौदे देने से सम्बन्धित नामखाता और————————————लेखा अधिकारी का पद तथा पूरा डाक पता) के बुक में समंजनीय है और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जैसे ही वे लाइसेंस नियमों की कंडिका 15 के अनुसार मांगे जाएंगे उसका समंजन कर देंगे । केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों (जिन में राज्य विद्युत बोर्ड शामिल है) के विभागों के लिए लागू है ।

4. आप से अनुरोध है कि फ्रैंच क्रेडिट के अन्तर्गत अर्थयुक्त करने के लिए संविदा अनुमोदित करा लें और संभरकों को सीधे भुगतान की व्यवस्था करने के लिए फ्रैंच प्राधिकारियों को आवश्यक प्राधिकरण पत्र जारी करें ।

भवदीय

लाइसेंसधारी

(*जो लागू नहीं है उसे हटा दीजिए)

अनुबन्ध 3

दस्तावेजों की निदर्शी सूची

(कंडिका 28)

1. पोत लदान किए गए उपकरण का मूल्य तथा किसी भी तत्क्षण भुगतान के व्यौरे के लिए, जैसा भी मामला हो, वाणिज्यिक बीजक ।

2. जहां लागू हो, पैकिंग सूचियों सहित यदि संविदा में निर्धारित किए गए हों तो उनके प्रमाण-पत्र जैसा मामला हो समुद्री बेबाक का बिल या चार्टर पार्टी पोतलदान बिल अथवा हवाई बिल का पूरा सेट ।

3. आवश्यक सीमा शुल्क दस्तावेजों सहित संभरकों द्वारा लिखित प्रमाण-पत्र, यह प्रमाणित करते हुए कि फ्रान्स सरकार द्वारा प्राधिकृत विदेशी व्यय की प्रतिशतता का फ्रान्स संभरकों ने अनुपालन किया है ।

4. अन्य कोई दस्तावेज ।

अनुबन्ध 4

बैंक गारन्टी की रिहाई के लिए आवेदन-पत्र

(पारा 39)

सेवा में,

सहायता लेखा नियंत्रक,
वित्त मंत्रालय,
आर्थिक कार्य विभाग,
जीवन दीप बिल्डिंग,
10, पार्लियामेंट स्ट्रीट,
नई दिल्ली—1,

हम बैंक गारन्टी संख्या :————————————दिनांक————————————
के अन्तर्गत————————————रुपये के लिए अपने दायित्वों को पूरा करने में हमारे द्वारा निक्षेप किए गए रुपयों की विस्तृत सूचना नीचे प्रस्तुत कर रहे हैं :—

(1) जिस आयातक/लाइसेंस धारी की ओर से बैंक गारन्टी प्रस्तुत की गई थी उसका नाम और पूरा पता ।

(2) आयात लाइसेंस की संख्या, दिनांक, मूल्य और या इसके अधीन आयात के लिए अनुमित पण्य वस्तुओं का संक्षिप्त विवरण ।

(3) वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गए अनुदेश पत्र के ब्यौरे (प्रत्येक अनुदेश पत्र के लिए अलग अलग दिया जाना है) ।

(क) पत्र संख्या और दिनांक

(ख) वह राशि जिसके लिए अनुदेश जारी किया गया था ।

(4) किए गए आयातों और रुपया निक्षेपों के ब्यौरे :

(क) बीजक संख्या तथा दिनांक

(ख) बीजक की धनराशि (कुल) फ्रेन्च फ्रेंक्स में

(ग) सम्बद्ध चालान संख्या और दिनांक और राजकोष /बैंक का नाम

(घ) यदि डिमांड ड्राफ्ट द्वारा है तो उसकी संख्या और दिनांक और जिस पत्र के साथ डिमांड ड्राफ्ट स्टेट बैंक आफ इंडिया दिल्ली को भेजा गया था, उसकी संख्या और दिनांक

(5) प्रत्येक अनुदेश पत्र के अन्तर्गत प्रयुक्त धनराशि तथा अप्रयुक्त शेष फ्रेंच फ्रेंक्स में धनराशि ।

2. हम प्रमाणित* करते हैं कि वित्त मंत्रालय द्वारा दिए गए अनुदेश पत्र में उलपब्ध फ्रेंच फ्रेंक्स की शेष धनराशि का उपयोग नहीं किया जाएगा । विषयाधीन बैंक गारन्टी के अन्तर्गत हमारे दायित्व विधिवतपूर्ण कर दिए गए हैं ।

3. हम यह भी प्रमाणित करते हैं कि फ्रेंच बैंक को भुगतान किए जाने वाले तार खर्चे सहित बैंक तथा डाक प्रभार हमारे द्वारा फ्रेंच बैंक को विधिवत प्रेषित कर दिए गए हैं ।

4. हम प्रार्थना करते हैं कि बैंक गारन्टी को मुक्त किया जाए और रद्द करने के लिए हमें लौटाया जाए ।

भवदीय,

बैंक के लिए और बैंक की ओर
से प्राधिकृत अभिकर्ता ।

*जो भी लागू हो ।

Subject :—Import Policy for the year April 1973—March 1974.

No. 112.—ITC (PN)73.—Attention of importers is invited to import policy as contained in the Import Trade Control Policy (Red Book-Vol I) for the period April 1973—March 1974,

2. The following amendments shall be made at appropriate places in the Import Trade Control Policy (Red Book—Vol I) for the period April 1973—March 1974 :—

Page No. of the Red Book (Vol. I)	Reference	Details of amendments
19	Section I, Part 'G' Procedural matters—S.No. (ix) —Facilities for Development and Research activities.	Below the existing paragraph 139, the following new paragraph may be deemed to have been inserted : — "139-A, Import of bona-fide technical and trade samples can be made upto Rs. 1,000/- without an import licence under O.G.L IV, Requests for import in excess of Rs. 1,000/- and upto Rs. 5,000 will be considered by the regional licensing authorities."
70	Section II, Part V.	Below the S. No. 101-A/V the following entries may be deemed to have been inserted under the respective columns :—

1	2	3	4
101-C.	Cellolose acetate film scrap.	Nil.	(1) A.U. on restricted basis for manufacture of bangles. (2) Import of cellolose acetate off-cuts and cuttings will not be permitted,

Page No. of the Red Book (Vol I)	Reference	Details of amendments.
286	Section V, Appendix 43, S. No. 13— Cones for Loudspeakers, item No. (ii),	*For* the existing entry "*Mohilean* 'M" *Read* "*Mobilcar* 'M'."
343	Section V, Appendix 74, Part V.	Below the S. No. 101-A/V, the following entries may be deemed to have been inserted under the respective columns :

1	2	3
	101-C scrap,	Cellulose acetate film 50% of the face value of the licence,
348	Section V, S. No. 22, 31/V (Appendix 28), item No. 14—Phosphorous (red), column 3.	*For* the existing entry "Release orders will be issued to the extent of 25% of the entitlement." *Read* "Release orders will be issued to the extent of 5% of the entitlement."

S. G. BOSE MULLICK,
Chief Controller of Imports and Exports.

विषय : अप्रैल, 1973–मार्च, 1974 वर्ष के लिए आयात निति ।

संख्या : 112-आई०टी०सी० (पीएम)/73.—आयातकों का ध्यान अप्रैल, 1973–मार्च, 1974 की अवधि के लिए आयात व्यापार नियंत्रण नीति (रेड बुक वा०–1) में यथा निहित आयात नीति की ओर आकृष्ट किया जाता है ।

2. निम्नलिखित संशोधन, अप्रैल, 1973–मार्च, 1974 की अवधि के लिए आयात व्यापार नियंत्रण नीति (रेड बुक वा० 1) में उपयुक्त स्थानों पर किए जाएंगे :—

रेड बुक (वा० 1) की पृष्ठ संख्या	संदर्भ	संशोधनों के ब्यौरे
1	2	3
19	खंड–1, भाग 'जी' कार्यविधिक मामले–क्रम सं० (9) विकास तथा अनुसंधान कार्यों के लिए सुविधाएं	वर्तमान कंडिका 139 के नीचे निम्नलिखित नई कंडिका को जोड़ा गया समझा जाए :— "139-ए" खुले सामान्य लाइसेंस–4 के अन्तर्गत 1,000/- रुपये तक वास्तविक तकनीकी तथा व्यापार नमूनों का आयात बिना आयात लाइसेंस के किया जा सकता है । 1,000/- रु० से अधिक तथा 5,000/- रु० तक के आयात के लिए आवेदन पत्रों पर लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा विचार किया जाएगा ।"
70	खंड 2 भाग–5	क्रम संख्या : 101-ए/5 के नीचे निम्नलिखित प्रविष्टियों को तत्सम्बन्धी कालम के अन्तर्गत निविष्ट किया गया समझा जाए :—

1	2	3	4
101-सी	सैलूलोज ऐसिटेट फिल्म स्क्रैप.	शून्य	(1) चूड़ियों के निर्माण के लिए प्रतिबन्धित के आधार पर वास्तविक उपयोक्ता । (2) सलूलोज ऐसिटेट आफ-कट्स तथा कटिंग के आयात की स्वीकृति नहीं दी जाएगी ।
286	खंड 5 परिशिष्ट 43, क्रम संख्या 13—लाउडस्पीकरों के लिए कोन्स, मद संख्या (2).		वर्तमान प्रविष्टि **माहिलियम "एम" के लिये** 'मोबिलकार एम' पढ़ें ।
343	खंड 5, परिशिष्ट—74, भाग—5.		क्रम संख्या 101—ए/5 के नीचे तत्सम्बन्धी कालम के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रविष्टियां निविष्ट की गई समझी जाए :—
101—सी	सैलूलोज ऐसिटेट फिल्म स्क्रैप.		लाइसेंस के अंकित मूल्य का 50 प्रतिशत ।
348.	खंड 5, क्रम संख्या-22,31/5 (परिशिष्ट—28), मद संख्या: 14—फासफोरस (लाल), कालम—3.		वर्तमान प्रविष्टि "रिहाई आदेश हकदारी 25 प्रतिशत की सीमा तक जारी किए जाएंगे" के लिए "रिहाई आदेश हकदारी 5 प्रतिशत की सीमा तक जारी किए जाएंगे" पढ़ें ।

हस्ताक्षरित

एस० जी० बोस मल्लिक,

मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात ।

PRINTED BY THE MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1973